# डेली करेंट क्विज़

## (संग्रह)

## नवंबर भाग-1
## 2020



दृष्टि, 641, प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009
फोन: 8750187501
ई-मेल: online@groupdrishti.com

## प्रश्न Part -1

1. 'द सिंथेसिस ऑफ योगा' और 'द लाइफ डिवाइन' नामक पुस्तकें भारत के किस महान व्यक्तित्त्व की कृतियाँ हैं?
   a. स्वामी विवेकानंद
   b. विनोबा भावे
   c. अरबिंदो घोष
   d. स्वामी रामकृष्ण
2. भारत की पहली सी-प्लेन सेवा निम्नलिखित में से किन दो स्थानों के बीच शुरू की गई है?
   a. मरीन ड्राइव से मरीन लाइन
   b. पोरबंदर से भावनगर
   c. विशाखापत्तनम से मछलीपट्टनम
   d. केवडिया से साबरमती रिवरफ्रंट
3. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 राज्यों को किसी समृद्ध जैव विविधता वाले प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र को राष्ट्रीय उद्यान घोषित करने की शक्ति प्रदान करता है।
   2. राष्ट्रीय उद्यान घोषित क्षेत्र में वन्य जीवों के अलावा अन्य जीवों के चारण पर प्रतिबंध होता है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   a. केवल 1
   b. केवल 2
   c. 1 और 2 दोनों
   d. न तो 1 और न ही 2
4. निम्नलिखित में से कौन कावेरी की सहायक नदी/नदियाँ है/हैं?
   1. अमरावती नदी
   2. लक्ष्मण तीर्थ नदी
   3. काबिनी नदी

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:
   a. केवल 3
   b. केवल 2 और 3
   c. केवल 1
   d. 1, 2 और 3
5. हाल ही में समाचारों में रहा '16 साइकी' है:
   a. मनोविज्ञान का एक नया सिद्धांत
   b. धातु का एक क्षुद्रग्रह
   c. आवर्त सारणी का नया तत्त्व
   d. उपरोक्त में से कोई नहीं
6. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. गंगा नदी उत्तर प्रदेश के कुल 28 ज़िलों से होकर बहती है।
   2. गंगा नदी उत्तराखंड से होते हुए उत्तर प्रदेश के बिजनौर ज़िले में प्रवेश करती है।
   3. वर्ष 2017 में उत्तराखंड उच्च न्यायालय द्वारा गंगा और यमुना नदी को 'जीवित मानव' का दर्जा दिया।

**नोट :**

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1
d. 1, 2 और 3

7. निम्नलिखित में से कौन-सा/से द्वीप हिंद महासागर से संबंधित है/हैं?

1. चागोस
2. सेशेल्स
3. डिएगो गार्शिया

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 3
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1
d. 1, 2 और 3

8. केंद्रीय सतर्कता आयोग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस बहु-सदस्यीय आयोग में एक केंद्रीय सतर्कता आयुक्त (अध्यक्ष) और अधिकतम दो सतर्कता आयुक्त (सदस्य) शामिल होते हैं।
2. यह भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अंतर्गत कार्य करता है।
3. CVC को भारत सरकार द्वारा फरवरी 1964 में के. संथानम की अध्यक्षता वाली भ्रष्टाचार निरोधक समिति की सिफारिशों पर स्थापित किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

a. केवल 1 और 3
b. केवल 2
c. केवल 1 और 2
d. केवल 2 और 3

9. निम्नलिखित में से किन देशों की सीमा अटलांटिक महासागर से मिलती है?

1. माली
2. मोरक्को
3. नाइजीरिया
4. सियरा लियोन

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1, 2 और 3
b. केवल 2, 3 और 4
c. केवल 1 और 4
d. केवल 1 और 3

10. भारतीय राष्ट्रीय भुगतान प्रणाली (NPCI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत एक 'प्राइवेट लिमिटेड कंपनी' के रूप में स्थापित किया गया था।
2. यह खुदरा भुगतान और निपटान प्रणाली के संचालन हेतु एक संगठन के रूप में कार्य करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

11. 'फोर्टिफाइड राइस कर्नेल' (FRK) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह चावल में पोषक तत्त्वों की कमी को दूर करने की 'बायोफोर्टिफिकेशन' आधारित पद्धति है।
   2. इसे सामान्य चावल के साथ 1:100 के अनुपात में मिश्रित करके 'सार्वजनिक वितरण प्रणाली' के तहत जारी किया जाता है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   a. केवल 1
   b. केवल 2
   c. 1 और 2 दोनों
   d. न तो 1 और न ही 2

12. निम्नलिखित में से कौन-से देश खाड़ी सहयोग परिषद (GCC) के सदस्य नहीं हैं?
   1. कुवैत
   2. ईरान
   3. सऊदी अरब
   4. इराक

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

   a. केवल 1 और 4
   b. केवल 2 और 3
   c. केवल 1 और 3
   d. केवल 2 और 4

13. 'यू.एन. वीमेन' (UN Women) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. इसका गठन संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 1945 में किया गया था।
   2. यह संस्था महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तीकरण के क्षेत्र में कार्य करती है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

   a. केवल 1
   b. केवल 2
   c. 1 और 2 दोनों
   d. न तो 1 और न ही 2

14. निम्नलिखित मध्य अमेरिकी देशों को उत्तर से दक्षिण की ओर क्रमवार व्यवस्थित कीजिये:
   1. निकारागुआ
   2. होंडुरास
   3. कोस्टा रिका
   4. पनामा

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

   a. 2-1-3-4
   b. 2-3-1-4
   c. 1-4-2-3
   d. 1-3-2-4

नोट :

15. राष्ट्रीय मानसून मिशन (NMM) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे केंद्रीय 'पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय' द्वारा वर्ष 2012 में लॉन्च किया गया था।
2. इस मिशन के तहत मानसून पूर्वानुमान के 'सांख्यिकीय मॉडल' के विकास पर मुख्यत: बल दिया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

16. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. लूहरी जल विद्युत परियोजना का निर्माण सतलज नदी पर किया जा रहा है।
2. सतलज नदी तिब्बत-हिमाचल प्रदेश सीमा पर शिपकी-ला दर्रे तक उत्तर-पश्चिमी मार्ग का अनुसरण करती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

17. भारत सरकार द्वारा शुरू की गई निम्नलिखित पहलों पर विचार कीजिये:

1. नर्चरिंग नेबरहुड चैलेंज
2. डेटा परिपक्वता मूल्यांकन फ्रेमवर्क चक्र-2
3. शहरी डेटा अधिकारियों के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रम

उपरोक्त पहलें भारत सरकार के किस मंत्रालय द्वारा शुरू की गई हैं?

a. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय
b. आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय
c. इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
d. सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय

18. प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका उद्देश्य आम नागरिक द्वारा दवाओं पर किये जाने वाले खर्च को कम करने के लिये ब्रांडेड दवाओं के कवरेज़ का विस्तार करना है।
2. यह योजना केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा शुरू की गई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

19. निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य भारत के मुख्य शीतलहर क्षेत्र के अंतर्गत आता है?

1. पंजाब
2. राजस्थान
3. नई दिल्ली
4. केरल

नोट :

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1, 2 और 4
b. केवल 2, 3 और 4
c. केवल 1 और 3
d. केवल 1, 2 और 3

20. वर्ष 2011 का 'अरुणा शानबाग बनाम भारत संघ' मामला किस विषय से संबंधित है:

a. संवैधानिक होने के नाते निष्क्रिय इच्छा-मृत्यु को स्वीकार करने से
b. कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न को रोकने के लिये दिशा-निर्देश जारी करने से
c. आरक्षण की संवैधानिकता से संबंधित निर्णय से
d. व्यक्तिगत धार्मिक कानूनों की पवित्रता पर सवाल उठाना और समान नागरिक संहिता पर बहस को आगे बढ़ाने से

21. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. लीशमैनियासिस नामक बीमारी सैंड फ्लाई के काटने से फैलती है।
2. मानव शरीर में त्वचीय लीशमैनियासिस को आमतौर पर भारत में कालाज़ार के रूप में जाना जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

22. हाल ही में समाचारों में रहा 'अवधानम' है:

a. दक्षिण भारतीय लोकनृत्य
b. एक साहित्यिक प्रदर्शन
c. पूर्वोत्तर भारत का पारंपरिक खेल
d. सूफी मत के प्रचार के लिये एक संगठन

23. हाल ही में 'वर्चुअल ग्लोबल इन्वेस्टर राउंडटेबल' (VGIR) का आयोजन किस मंत्रालय/संस्था/संगठन द्वारा किया गया?

a. नीति आयोग और भारतीय उद्योग परिसंघ
b. केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय और अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र
c. केंद्रीय वित्त मंत्रालय और राष्ट्रीय निवेश एवं अवसंरचना कोष
d. केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय और भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ

24. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| युद्धाभ्यास | संबंधित देश |
|---|---|
| 1. द्रज़बा | चीन-पाकिस्तान |
| 2. इंद्र | भारत-रूस |
| 3. गरुड़ | भारत-नेपाल |

उपर्युक्त में से कौन-सा/से युग्म सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 1 और 3
c. केवल 2
d. केवल 2 और 3

**नोट :**

25. पूर्वी अफ्रीकी देश तंज़ानिया निम्नलिखित में से किस सागर/महासागर के साथ सीमा साझा करता है?

a. भूमध्य सागर
b. हिंद महासागर
c. प्रशांत महासागर
d. अटलांटिक महासागर

26. उष्णकटिबंधीय अक्षांशों में दक्षिणी अटलांटिक और दक्षिण-पूर्वी प्रशांत क्षेत्रों में चक्रवात उत्पन्न न होने का कारण क्या है?

a. समुद्री पृष्ठों का निम्न ताप होना
b. अंत: उष्णकटिबंधीय अभिसारी क्षेत्र की गैर-मौजूदगी
c. कोरियोलिस बल का दुर्बल होना
d. उपर्युक्त में से कोई नहीं

27. 'पक्के टाइगर रिज़र्व' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. पक्के टाइगर रिज़र्व नवंबर से मार्च तक ठंडे मौसम वाली उपोष्ण कटिबंधीय जलवायु क्षेत्र में अवस्थित है।
2. यहाँ बिल्ली परिवार की तीन बड़ी प्रजातियाँ- बंगाल टाइगर, इंडियन लेपर्ड और क्लाउडेड तेंदुआ पाई जाती हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

28. हाल ही में समाचारों में रहा 'टारबॉल' (Tarball) है:

a. एक प्रकार का इंटरनेट नेटवर्क
b. एक चमकदार उल्कापिंड
c. एक प्रकार का ब्लैक कार्बन
d. एक प्रकार का ब्राउन कार्बन

29. 'अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक स्वतंत्रता सूचकांक' निम्नलिखित में से किस संस्थान द्वारा जारी किया जाता है?

a. पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज़
b. ग्लोबल पब्लिक पॉलिसी इंस्टीट्यूट
c. यूनेस्को
d. यूनाइटेड स्टेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ पीस

30. मेट्रो-नियो परियोजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक कुशल 'मास पब्लिक ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम' (MRTS) है, जो भारत के टियर- 2 और टियर 3 नगरों के लिये उपयुक्त है।
2. इसमें मेट्रो रेल ट्रैक के स्थान पर सड़क पर चलेगी परंतु ऊर्जा ओवरहेड वायर्स से प्राप्त करेगी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

31. 'राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका गठन भारतीय विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के अंतर्गत किया गया है।
2. भारत के सर्वोच्च न्यायालय का द्वितीय वरिष्ठ न्यायाधीश प्राधिकरण का कार्यकारी अध्यक्ष होता है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

32. 'डोबरा चांठी पुल' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह देश का सबसे लंबा सिंगल लेन 'मोटरेबल सस्पेंसन ब्रिज' है।
2. यह पुल जम्मू-कश्मीर में वुलर झील पर बनाया गया है।
3. जम्मू-कश्मीर में अवस्थित यह पुल सामरिक रूप से अत्यंत महत्त्वपूर्ण है जो दुर्गम इलाकों में भारतीय सेना की पहुँच को सुनिश्चित करेगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1
d. केवल 1 और 3

33. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. गोरखा राइफल्स (GR) बटालियन में केवल भारतीय-अधिवासित गोरखाओं की ही भर्ती की जाती है।
2. ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी की सेनाओं में गोरखाओं की भर्ती की शुरुआत वर्ष 1857 के विद्रोह के बाद हुई थी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

34. पश्चिम बंगाल एवं पूर्वोत्तर भारत के सीमा-पार से वन्यजीव तस्करी के हॉटस्पॉट के रूप में उभरने का प्रमुख कारण है:

a. बांग्लादेश एवं म्याँमार की सीमाओं और थाईलैंड से निकटता
b. समृद्ध नदी नेटवर्क की उपलब्धता
c. कर्क रेखा और भारतीय मानक समय रेखा से निकटता
d. उपरोक्त में से कोई नहीं

35. हाल ही में किस राज्य के गैर-गोरखा नागरिकों को गोरखा राइफल्स (GR) बटालियन में भर्ती की मंज़ूरी दी गई है?

a. हिमाचल प्रदेश
b. उत्तराखंड
c. अरुणाचल प्रदेश
d. उत्तर प्रदेश

36. हाल ही में समाचारों में रहा A68a संबंधित है:

a. क्षुद्रग्रह से
b. COVID-19 वैक्सीन से
c. विशाल हिमखंड से
d. लड़ाकू विमान से

नोट :

37. खाद्य और कृषि संगठन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसकी स्थापना 16 अक्तूबर, 1950 को हुई थी।
2. इसका मुख्यालय रोम, इटली में स्थित है।
3. वर्तमान में भारत सहित विश्व के 194 देश इस संगठन के सक्रिय सदस्य हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं ?

a. केवल 1
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

38. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस अधिनियम के दायरे में आने वाले सभी लाभार्थी परिवारों को प्रतिमाह 35 किलोग्राम खाद्यान्न प्रदान करने का प्रावधान किया गया है।
2. गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को 6000 रुपए का मातृत्त्व लाभ प्रदान करने की व्यवस्था है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

39. निम्नलिखित में से किस राज्य सरकार ने हाल ही में इलेक्ट्रिक वाहनों पर शत-प्रतिशत कर छूट प्रदान करने का निर्णय लिया है ?

a. उत्तर प्रदेश
b. मध्य प्रदेश
c. महाराष्ट्र
d. तमिलनाडु

40. बिंगो और बोगोरिया झील किस देश में अवस्थित हैं ?

a. केन्या
b. नैरोबी
c. सोमालिया
d. जाम्बिया

41. 'धारचूला (Dharchula) क्षेत्र' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह क्षेत्र सूक्ष्म एवं मध्यम तीव्रता के भूकंप से प्रभावित है।
2. यह क्षेत्र प्रायद्वीपीय भारत में अवस्थित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

42. गंगा नदी निम्नलिखित में से किस/किन राज्य/राज्यों में प्रवाहित नहीं होती है?

1. उत्तराखंड
2. ओडिशा
3. छतीसगढ़
4. झारखंड

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1
b. केवल 2 और 3
c. केवल 3 और 4
d. केवल 4

43. 'थर्टी मीटर टेलीस्कोप प्रोजेक्ट' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. कनाडा, अमेरिका, चीन, भारत, ब्रिटेन तथा जापान इस परियोजना के भागीदार देश हैं।
2. इसकी स्थापना हवाई द्वीप के मौना की (Mauna Kea) में की जा रही है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

44. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'मौना की' हवाई द्वीप समूह का एक निष्क्रिय ज्वालामुखी द्वीप है।
2. किलाऊ ज्वालामुखी के सक्रिय होने से हवाई द्वीप पर वॉग (Vog) की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

45. हाल ही में समाचारों में रहा 'नागोर्नो-काराबाख क्षेत्र' अवस्थिति है:

a. पश्चिमी एशिया और पूर्वी यूरोप के मध्य
b. लॉरेंटियन पठार पर
c. भू-मध्यसागर के दक्षिण में
d. उपर्युक्त में से कोई नहीं

46. पन्ना बायोस्फीयर रिज़र्व के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. बायोस्फीयर रिज़र्व सूची में शामिल होने वाला यह मध्य प्रदेश का पहला रिज़र्व है।
2. वर्ष 1994 में इसे प्रोजेक्ट टाइगर के तहत भारत के 22वें बाघ अभयारण्य का दर्जा दिया गया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

47. निम्नलिखित में से किस राज्य में समुद्री क्लस्टर परियोजना शुरू करने की योजना बनाई जा रही है ?

a. गुजरात
b. तमिलनाडु
c. पश्चिम बंगाल
d. आंध्र प्रदेश

48. 'ओवर द टॉप' (OTT) प्लेटफॉर्म का संबंध है:

a. वस्तु एवं सेवा कर के कार्यान्वन से
b. अंतर-सरकारी द्विपक्षीय समझौते से
c. नौसेना युद्धाभ्यास से
d. ऑनलाइन ऑडियो-वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा से

49. भारत ने किस/किन पड़ोसी देश/देशों के साथ एयर बबल समझौता किया है ?

1. श्रीलंका
2. मालदीव
3. बांग्लादेश
4. भूटान

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1 और 2
b. केवल 3
c. केवल 3 और 4
d. केवल 4

50. निम्नलिखित में से कौन-सी दशाएँ केसर की कृषि हेतु आवश्यक हैं ?

1. समुद्र तल से 2000 मीटर की ऊँचाई
2. 6 और 10 pH मान वाली मिट्टी
3. प्रतिवर्ष 1000-1500 मिमी. औसत वर्षा

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 3
d. उपरोक्त सभी

51. आसियान-भारत संबंधों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत वर्ष 1992 में आसियान के क्षेत्रीय भागीदार तथा वर्ष 1996 में एक डायलॉग पार्टनर के रूप में शामिल हुआ।
2. आसियान-भारत देशों वर्ष 2021-2025 के लिये 'आसियान-भारत कार्य योजना' को अपनाया गया है।
3. हाल ही में 17वाँ आसियान-भारत शिखर सम्मेलन आभासी रूप से वियतनाम की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

नोट :

52. स्वर्ण जयंती फैलोशिप योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस योजना का प्रमुख उद्देश्य 'विज्ञान और प्रौद्योगिकी' के प्रमुख क्षेत्रों में बुनियादी अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिये वैज्ञानिकों को विशेष सहायता प्रदान करना है।
2. इस योजना के तहत चयनित वैज्ञानिकों को भारत सरकार द्वारा 25,000 रुपए प्रतिमाह की फैलोशिप 5 वर्ष तक प्रदान की जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

53. 'आत्मनिर्भर भारत रोज़गार योजना' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह योजना 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान के एक भाग के रूप में प्रारंभ की गई हैं जिसका उद्देश्य नई नौकरियों के सृजन को प्रोत्साहित करना है।
2. इस योजना के तहत COVID-19 महामारी के दौरान रोज़गार खोने वाले सभी संगठित तथा असंगठित कर्मचारियों को विशेष लाभ प्रदान किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

54. बाज़ार अर्थव्यवस्था के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. किसी अर्थव्यवस्था में विस्तार की अवधि और मंदी की अवधि स्थितियाँ एक साथ मिलकर 'व्यापार चक्र' का निर्माण करती हैं।
2. जब किसी देश की अर्थव्यवस्था में लगातार किसी एक तिमाही में संकुचन देखने को मिलता है तो उसे 'तकनीकी मंदी' की स्थिति कहा जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

55. विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम (FCRA) के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

a. विदेशी अंशदान को नियंत्रित करने के उद्देश्य से इस अधिनियम को सर्वप्रथम वर्ष 1976 में अधिनियमित किया गया था।
b. किसी भी संगठन के लिये अधिनियम के तहत स्वयं को पंजीकृत कराने हेतु कम-से-कम पाँच वर्ष के लिये अस्तित्त्व में होना आवश्यक है।
c. यदि अधिनियम के तहत पंजीकृत कोई संगठन किसी भी तरह से सक्रिय राजनीति में भाग लेता है तो उन्हें केंद्र सरकार द्वारा राजनीतिक समूह माना जाएगा।
d. कोई भी गैर-सरकारी संगठन (NGO) विदेशी अंशदान की 20 प्रतिशत से अधिक राशि का इस्तेमाल प्रशासनिक खर्च पर नहीं कर सकता है।

नोट :

## व्याख्या

1.(c)

**व्याख्या:**

- अरबिंदो घोष का जन्म 15 अगस्त, 1872 को कलकत्ता (वर्तमान कोलकाता) में हुआ था। वे एक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, कवि और राष्ट्रवादी नेता थे तथा आगे चलकर वे महान आध्यात्मिक सुधारक और दार्शनिक के रूप में भी जाने गए।
- वर्ष 1908 में खुदीराम बोस और प्रफुल्ल चाकी ने मजिस्ट्रेट किंग्सफोर्ड को मारने का असफल प्रयास किया। इसके मद्देनज़र अरबिंदो को भी हमले की योजना बनाने और अंजाम देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया और अलीपुर जेल भेज दिया गया। अलीपुर बम केस की सुनवाई एक वर्ष तक चली आखिरकार 6 मई, 1909 को उन्हें बरी कर दिया गया। उनके बचाव पक्ष के वकील चितरंजन दास थे। इस अवधि के दौरान जेल में आध्यात्मिक अनुभव एवं वास्तविकताओं के कारण जीवन के बारे में उनका दृष्टिकोण मौलिक रूप से बदल गया, परिणामत: उनका उद्देश्य देश की सेवा एवं मुक्ति से बहुत आगे निकल गया।
- श्री अरबिंदो की एकीकृत योग प्रणाली की अवधारणा उनकी किताबों 'द सिंथेसिस ऑफ योगा' (The Synthesis of Yoga) और 'द लाइफ डिवाइन' (The Life Divine) में वर्णित है। उनकी 'द लाइफ डिवाइन' पुस्तक आर्य (Arya) पत्रिका में क्रमिक रूप से प्रकाशित निबंधों का संकलन है। **अत: विकल्प (c) सही है।**

2. (d)

**व्याख्या:**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के नर्मदा ज़िले में केवडिया के पास स्टैच्यू ऑफ यूनिटी और अहमदाबाद में साबरमती रिवरफ्रंट के बीच एक सी-प्लेन सेवा (Seaplane Service) की शुरूआत की।
- ध्यातव्य है कि यह सेवा स्पाइसजेट की सहायक कंपनी स्पाइसशटल (SpiceShuttle) द्वारा संचालित की जाएगी। स्पाइसशटल द्वारा कनाडा की एक कंपनी द्वारा निर्मित ट्विन ओटर (Twin Otter) 300 सी-प्लेन का उपयोग किया जाएगा।
- सी-प्लेन सेवा के माध्यम से अहमदाबाद में साबरमती रिवरफ्रंट और केवडिया में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के बीच की दूरी लगभग 45 मिनट में तय की जा सकेगी।
- इन विमानों में यात्रियों और चालक दल के सदस्यों समेत 19 लोगों के बैठने की क्षमता है। सी-प्लेन एक निश्चित पंख वाला हवाई जहाज़ है जो पानी पर उतरने और उड़ने के लिये बनाया गया है।
- यह एक नाव की उपयोगिता के साथ एक हवाई जहाज़ की गति प्रदान करता है। सी-प्लेन मुख्यत: दो प्रकार के होते हैं- (1) फ्लाइंग बोट (Flying Boats) और (2) फ्लोटप्लेन (Floatplanes)। **अत: विकल्प (d) सही है।**

3. (c)

**व्याख्या:**

- वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 राज्यों को किसी समृद्ध जैव विविधता वाले प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र को राष्ट्रीय उद्यान घोषित करने की शक्ति देता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- जो क्षेत्र पारिस्थितिकी जीव-जंतुओं, वनस्पतियों, भू-आकृतिक एवं जलीय महत्त्व के हैं और जिनका संरक्षण किया जाना अत्यंत आवश्यक है, उन्हें राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया जा सकता है।
  - राष्ट्रीय उद्यान घोषित क्षेत्र में जंतुओं का शिकार प्रतिबंधित होता है।
  - राष्ट्रीय उद्यान घोषित क्षेत्र में वन्य जीवों के अलावा अन्य जीवों के चारण पर प्रतिबंध होता है।
  - किसी भी वन्य जीव-जंतु के आवास के अतिक्रमण पर रोक होती है।
  - कोई भी संरक्षित क्षेत्रों का अतिक्रमण नहीं कर सकता है।
  - पौधों को संगृहीत करने और उनको हानि पहुँचाने पर प्रतिबंध है।
  - हथियारों का प्रयोग इन क्षेत्रों में वर्जित है। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

4. (d)

**व्याख्या:**

- कावेरी नदी:
    - उद्गम स्थल: यह कर्नाटक में पश्चिमी घाट की ब्रह्मगिरी पहाड़ से निकलती है।
    - अपवाह बेसिन: यह कर्नाटक और तमिलनाडु राज्यों से बहकर बंगाल की खाड़ी में गिरती है। यह नदी एक विशाल डेल्टा का निर्माण करती है, जिसे 'दक्षिण भारत का बगीचा' (Garden of Southern India) कहा जाता है।
    - सहायक नदियाँ: अर्कवती, हेमवती, अमरावती, लक्ष्मणतीर्थ, शिमसा, काबिनी, भवानी, हरंगी आदि।
- अमरावती नदी दक्षिण भारत में तमिलनाडु के उपजाऊ ज़िलों करूर एवं तिरुपुर में कावेरी नदी की सबसे लंबी सहायक नदी है।
- लक्ष्मण तीर्थ भारत के कर्नाटक राज्य की एक नदी है। इसका उद्भव कोडागु ज़िले में होता है और यह पूर्व की ओर बहती है। यह कृष्णा राजा सागर झील (Krishna Raja Sagara Lake) में कावेरी से मिलती है।
- काबिनी नदी: केरल के वायनाड ज़िले में काबिनी और उसकी तीन सहायक नदियाँ (पनामारम, मनंथावादि और कालिंदी) प्रवाहित होती हैं। केरल के पूर्वी भाग में प्रवाहित होने वाली काबिनी कावेरी नदी की महत्त्वपूर्ण सहायक नदी है। **अतः विकल्प (d) सही है।**

5. (b)

**व्याख्या:**

- पृथ्वी से लगभग 370 मिलियन किलोमीटर की दूरी पर स्थित '16 साइकी' हमारे सौरमंडल के क्षुद्रग्रह बेल्ट (Asteroid Belt) में सबसे बड़े खगोलीय निकायों में से एक है।
- नासा के अनुसार, आलू के समान दिखने वाले इस क्षुद्रग्रह का व्यास लगभग 140 मील है।
- इस रहस्यमयी क्षुद्रग्रह की खोज इतालवी खगोलशास्त्री एनीबेल डी गैस्पारिस द्वारा 17 मार्च, 1852 को की गई थी और इसका नाम ग्रीक की प्राचीन आत्मा की देवी साइकी (Psyche) के नाम पर रखा गया था। चूँकि यह वैज्ञानिकों द्वारा खोजा जाने वाला 16वाँ क्षुद्रग्रह है, इसलिये इसके नाम के आगे 16 जोड़ा गया है।
- वैज्ञानिकों का मानना है कि अधिकांश क्षुद्रग्रहों (Asteroids), जो कि चट्टानों या बर्फ से बने होते हैं, के विपरीत '16 साइकी' क्षुद्रग्रह एक बहुत बड़ा धातु पिंड है जिसे पूर्व के किसी ग्रह का कोर माना जा रहा है जो कि पूर्णतः ग्रह के रूप में परिवर्तित होने में सफल नहीं हो पाया। **अतः विकल्प (b) सही है।**

6. (d)

**व्याख्या:**

- सतोपथ हिमानी से निकलने वाली अलकनंदा और 'गोमुख' के निकट गंगोत्री हिमनद से निकलने वाली भागीरथी नदी देवप्रयाग में मिलने के बाद संयुक्त रूप से गंगा कहलाती हैं। अलकनंदा की सहायक नदियाँ, जैसे-पिंडार नदी बाएँ तट से कर्णप्रयाग में तथा मंदाकिनी नदी दाएँ तट से रुद्रप्रयाग में इसमें मिलती हैं।
- गंगा की सहायक नदियाँ:
    - बाएँ तट से मिलने वाली नदियाँ- रामगंगा, गोमती, घाघरा, गंडक, बाघमती, कोसी एवं महानंदा (बाएँ तट से मिलने वाली अंतिम नदी महानंदा है)
    - दाएँ तट से मिलने वाली नदियाँ- यमुना, सोन, टोंस, कर्मनाशा
- गंगा नदी के किनारे बसा सबसे बड़ा शहर कानपुर है। गंगा नदी उत्तर प्रदेश के कुल 28 ज़िलों से होकर बहती है। उत्तर प्रदेश में यह बिजनौर ज़िले से प्रवेश करती है और बलिया ज़िले से प्रवाहित हुई बिहार में प्रवेश करती है। **अतः कथन 1 और 2 सही है।**
- वर्ष 2017 में उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने गंगा और यमुना नदी को 'जीवित मानव' का दर्जा दिया था। **अतः कथन 3 सही है।**

नोट :

7. (d)

**व्याख्या:**

- हिंद महासागर में विभिन्न तरह के निर्मित या उभरे हुए छोटे-बड़े द्वीप अवस्थित हैं। ये द्वीप मेडागास्कर एवं श्रीलंका जैसे बड़े द्वीपों के ही विस्तृत भाग हैं तथा इन्हें 'महाद्वीपीय द्वीप' भी कहा जाता है। चागोस, डिएगो गार्शिया, न्यू एम्सटर्डम, सेंट पॉल, सेशेल्स द्वीप मध्य महासागरीय कटक के उभरे हुए भाग हैं। **अतः विकल्प (d) सही है।**

8. (b)

**व्याख्या:**

- केंद्रीय सतर्कता आयोग:
    - इस बहु-सदस्यीय आयोग में एक केंद्रीय सतर्कता आयुक्त (अध्यक्ष) और अधिकतम दो सतर्कता आयुक्त (सदस्य) शामिल होते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
    - केंद्रीय सतर्कता आयुक्त (अध्यक्ष) और सतर्कता आयुक्तों (सदस्य) की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा एक समिति की सिफारिश पर की जाती है जिसमें प्रधानमंत्री (अध्यक्ष), गृहमंत्री (सदस्य) और लोकसभा में विपक्ष के नेता (सदस्य) शामिल होते हैं।
    - CVC किसी भी मंत्रालय/विभाग के अधीन नहीं है। यह एक स्वतंत्र निकाय है जो केवल संसद के प्रति उत्तरदायी है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
    - CVC को सरकार द्वारा फरवरी 1964 में के. संथानम की अध्यक्षता वाली भ्रष्टाचार निरोधक समिति (Committee on Prevention of Corruption) की सिफारिशों पर स्थापित किया गया था। संसद द्वारा अधिनियमित केंद्रीय सतर्कता आयोग अधिनियम, 2003 द्वारा इसे सांविधिक दर्जा प्रदान किया गया। **अतः कथन 3 सही है।**

9. (b)

**व्याख्या:**

- माली, पश्चिमी अफ्रीका में एक भू-आबद्ध देश है। इसकी राजधानी बमाको (Bamako) है। माली का अधिकांश हिस्सा दक्षिणी सहारा रेगिस्तान (Southern Sahara Desert) में अवस्थित है जो एक गर्म, धूल से भरे सूडान सवाना क्षेत्र (Sudanian Savanna Zone) का निर्माण करता है।
- जबकि मोरक्को, नाइजीरिया, सियरा लियोन की सीमा अटलांटिक महासागर से मिलती है। **अतः विकल्प (b) सही है।**

10. (a)

**व्याख्या:**

- भारतीय राष्ट्रीय भुगतान प्रणाली (NPCI) को कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 25 के प्रावधानों के तहत 'गैर-लाभकारी संगठन' के रूप में शामिल किया गया है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इसे भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) और भारतीय बैंक संघ (IBA) द्वारा भारत में भुगतान एवं निपटान प्रणाली अधिनियम (The Payment and Settlement Systems Act), 2007 के प्रावधानों के तहत एक मज़बूत भुगतान और निपटान अवसंरचना के विकास हेतु स्थापित किया गया है।
- भारतीय राष्ट्रीय भुगतान प्रणाली (NPCI) देश में खुदरा भुगतान और निपटान प्रणाली के संचालन के लिये एक समग्र संगठन है। **अतः कथन 2 सही है।**

11.(b)

**व्याख्या:**

- 'फोर्टिफाइड राइस कर्नेल' (FRK), चावल के फोर्टिफिकेशन पर आधारित एक पद्धति है जिसमें चावल को पीसकर पाउडर तैयार कर, इसमें पोषक तत्त्वों का मिश्रण किया जाता है। इस फोर्टिफाइड चावल के मिश्रण को पुनः चावल के आकार में बदला में जा सकता है, जिन्हें 'फोर्टिफाइड राइस कर्नेल' (FRK) कहा जाता है।

नोट :

- जबकि बायोफोर्टिफिकेशन में कृषि फसलों के पोषण की गुणवत्ता को कृषि संबंधी प्रथाओं, पारंपरिक पौधों के प्रजनन या आधुनिक प्रौद्योगिकी के माध्यम से बेहतर बनाया जाता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इस फोर्टिफाइड राइस कर्नेल (FRK) को सामान्य चावल के साथ 1:100 के अनुपात में मिश्रित किया जाता है तथा इसके बाद इसे 'सार्वजनिक वितरण प्रणाली' के तहत वितरण के लिये जारी कर दिया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**

12. (d)

**व्याख्याः**

- सामान्यतः जिन देशों की सीमा फारस की खाड़ी के साथ मिलती है, उन्हें खाड़ी देश के रूप में संबोधित किया जाता है। जब खाड़ी देशों की बात की जाती है तो इसमें मुख्यतः कुवैत, ओमान, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर और बहरीन को शामिल किया जाता है। ज्ञात हो कि ये 6 देश खाड़ी सहयोग परिषद (GCC) के संस्थापक सदस्य हैं।
- यद्यपि ईरान व इराक भी फारस की खाड़ी के साथ अपनी सीमा साझा करते हैं किंतु वे इस परिषद के सदस्य देश नहीं बन पाए हैं। **अतः विकल्प (d) सही है।**

13. (a)

**व्याख्याः**

- वर्ष 2010 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 'यू.एन. वीमेन' (UN Women) का गठन किया गया था। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- यह संस्था महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तीकरण के क्षेत्र में कार्य करती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसके तहत संयुक्त राष्ट्र तंत्र के 4 अलग-अलग प्रभागों के कार्यों को संयुक्त रूप से संचालित किया जाता है।
  - महिलाओं की उन्नति के लिये प्रभाग (Division for the Advancement of Women -DAW)
  - महिलाओं की उन्नति के लिये अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान (International Research and Training Institute for the Advancement of Women -INSTRAW)
  - लैंगिक मुद्दों और महिलाओं की उन्नति पर विशेष सलाहकार कार्यालय (Office of the Special Adviser on Gender Issues and Advancement of Women-OSAGI)
  - महिलाओं के लिये संयुक्त राष्ट्र विकास कोष (United Nations Development Fund for Women-UNIFEM)

14. (a)

**व्याख्याः**

- मध्य अमेरिका (Central America) को कभी-कभी अमेरिका के एक उपसमूह के रूप में परिभाषित किया जाता है। इस क्षेत्र की सीमा उत्तर में मेक्सिको, दक्षिण-पूर्व में कोलंबिया, पूर्व में कैरेबियन सागर और पश्चिम एवं दक्षिण में प्रशांत महासागर से लगती है।
- मध्य अमेरिका में सात देश शामिल हैं: अल साल्वाडोर, कोस्टा रिका, बेलीज़, ग्वाटेमाला, होंडुरास, निकारागुआ और पनामा।
- प्रश्नानुसार मध्य अमेरिकी देशों को उत्तर से दक्षिण क्रम होंडुरास, निकारागुआ, कोस्टा रिका और पनामा है। **अतः विकल्प (a) सही है।**

15. (a)

**व्याख्याः**

- राष्ट्रीय मानसून मिशन (National Monsoon Mission) को वर्ष 2012 में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा लॉन्च किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस मिशन के तहत 'गतिशील मानसून पूर्वानुमान' (Dynamic Monsoon Forecast) मॉडल के विकास पर बल दिया जा रहा है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- इसके अलावा इस मिशन के तहत जलवायवीय अवलोकन कार्यक्रमों का भी समर्थन किया जा रहा है, ताकि जलवायविक प्रक्रियाओं की बेहतर समझ विकसित हो सके।

16. (c)

**व्याख्याः**

- हिमाचल प्रदेश के कुल्लू एवं शिमला ज़िलों में सतलज नदी (Satluj River) पर स्थित 210 मेगावाट क्षमता वाली लुहरी जल विद्युत परियोजना (Luhri Hydro Electric Project) के प्रथम चरण का निर्माण कार्य शुरू किया गया है। इस परियोजना में भारत सरकार और हिमाचल प्रदेश सरकार की सक्रिय भागीदारी है। **अतः कथन 1 सही है।**
- लुहरी जल विद्युत परियोजना (Luhri Hydro Electric Project) को बिल्ड–ओन–ऑपरेट–मेनटेन (Build-Own-Operate-Maintain- BOOM) आधार पर सतलज जल विद्युत निगम लिमिटेड (Satluj Jal Vidyut Nigam Limited- SJVNL) द्वारा क्रियान्वित किया जा रहा है।
- सतलज नदी उन पाँच नदियों में सबसे लंबी नदी है जो उत्तरी भारत एवं पाकिस्तान में पंजाब के ऐतिहासिक क्षेत्र से होकर बहती हैं।
- सतलज, सिंधु नदी की सबसे पूर्वी सहायक नदी है। इसका उद्‌गम सिंधु नदी के स्रोत से 80 किमी. दूर पश्चिमी तिब्बत में मानसरोवर झील के समीप राकसताल झील से होता है। सिंधु की तरह यह तिब्बत-हिमाचल प्रदेश सीमा पर शिपकी-ला दर्रे तक एक उत्तर-पश्चिमी मार्ग को अपनाती है। यह शिवालिक श्रृंखला को काटती हुई पंजाब में प्रवेश करती है। पंजाब के मैदान में प्रवेश करने से पहले यह 'नैना देवी धार' में एक गॉर्ज का निर्माण करती है जहाँ प्रसिद्ध भाखड़ा बाँध का निर्माण किया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**

17. (b)

**व्याख्याः**

- केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय (Union Housing and Urban Affairs Ministry) ने छोटे बच्चों और उनके परिवारों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार हेतु शहरों के लिये 'नर्चरिंग नेबरहुड चैलेंज' (Nurturing Neighborhoods Challenge) की शुरुआत की है।
- 'नर्चरिंग नेबरहुड चैलेंज' (Nurturing Neighborhoods Challenge) की शुरुआत देश भर के 100 स्मार्ट शहरों, 5 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों और राज्य/केंद्रशासित प्रदेशों की राजधानियों के लिये की गई है।
- इसके अतिरिक्त केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने दो अन्य पहलों की भी शुरुआत की है: 1. डेटा परिपक्वता मूल्यांकन फ्रेमवर्क चक्र-2 (Data Maturity Assessment Framework Cycle-2) 2. शहरी डेटा अधिकारियों के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रम (Training Programme for City Data Officers)।
- डेटा परिपक्वता मूल्यांकन फ्रेमवर्क चक्र-2 (Data Maturity Assessment Framework Cycle-2): यह 'स्मार्ट सिटी मिशन' की 'डेटा स्मार्ट सिटी (Data Smart Cities) पहल' के तहत 'डेटा की संस्कृति' (Culture of Data) के निर्माण में शहरों का समर्थन करेगा। इस ढाँचे का मुख्य उद्देश्य शहर स्तर पर सक्षम नीतियों, शासन संरचनाओं, डेटा प्रबंधन, क्षमता निर्माण और हितधारक जुड़ाव के पहलुओं को कवर करने वाले मानकीकृत ढाँचे के संबंध में शहरों को अपनी स्वयं की डेटा परिपक्वता का आकलन करने में सक्षम बनाना है।
- शहरी डेटा अधिकारियों के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रम (Training Programme for City Data Officers): शहरी डेटा अधिकारियों के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने टाटा ट्रस्ट्स (Tata Trusts) के साथ 6 सप्ताह का निर्देशित ई-लर्निंग कोर्स शुरू करने के लिये साझेदारी की है जिसे 'शहरी स्थानीय निकायों में डेटा आधारित निर्णय लेने में सक्षम बनाना' (Enabling Data Driven Decision Making in Urban Local Bodies) है। **अतः विकल्प (b) सही है।**

18. (a)

**व्याख्याः**

- भारत सरकार द्वारा नागरिकों को सस्ती दवाइयाँ उपलब्ध कराने की योजना को वर्ष 2015-16 में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना (PMBJP) के रूप में परिवर्तित किया गया था। इसका उद्देश्य भारत के प्रत्येक नागरिक को उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाएँ उपलब्ध कराकर उनके स्वास्थ्य पर होने वाले खर्च को कम करना है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

नोट :

- यह योजना वर्ष 2015 में केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के फार्मास्यूटिकल्स विभाग द्वारा शुरू की गई थी। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

19. (d)

**व्याख्या:**

- शीत लहर (Cold Wave) 24 घंटे के भीतर तापमान में तेज़ी से गिरावट अर्थात् कृषि, उद्योग, वाणिज्य एवं सामाजिक गतिविधियों के लिये सुरक्षा की आवश्यकता वाले स्तर को दर्शाती है।
- शीतलहर की शर्तें: मैदानी इलाकों में शीतलहर की घोषणा तब की जाती है जब न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस या उससे नीचे होता है और लगातार दो दिनों तक सामान्य से 4.5 डिग्री सेल्सियस कम तापमान होता है।
    - तटीय क्षेत्रों में 10 डिग्री सेल्सियस के न्यूनतम तापमान की सीमा शायद ही कभी पहुँचती है। हालाँकि स्थानीय लोगों को 'विंड चिल फैक्टर' (Wind Chill Factor) के कारण असुविधा महसूस होती है जो हवा की गति के आधार पर न्यूनतम तापमान को कुछ डिग्री कम कर देता है।
- भारत का मुख्य शीतलहर क्षेत्र (Cold Wave Zone) सर्दियों के दौरान न्यूनतम तापमान का अनुभव करता है।
- भारत का मुख्य शीत लहर क्षेत्र: इसमें 'पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, नई दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और तेलंगाना शामिल हैं। **अतः विकल्प (d) सही है।**

20. (a)

**व्याख्या:**

अरुणा रामचंद्र शानबाग बनाम भारत संघ (2011)

- मुख्य विषय: संवैधानिक होने के नाते निष्क्रिय इच्छा-मृत्यु को स्वीकार करना।
- अरुणा रामचंद्र शानबाग बनाम भारत संघ (2011) मामले में पहली बार इच्छा-मृत्यु का मुद्दा सार्वजनिक चर्चा में आया।
- इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने अरुणा की इच्छा-मृत्यु की याचिका स्वीकार करते हुए मेडिकल पैनल गठित करने का आदेश दिया था। हालाँकि बाद में न्यायालय ने अपना फैसला बदल दिया था लेकिन इस निर्णय ने असाध्य रोगों से पीड़ित व्यक्ति को इच्छा-मृत्यु देने की बहस को आगे बढ़ाने का कार्य किया।
- इसके बाद एक ऐतिहासिक निर्णय (2018) में सर्वोच्च न्यायालय ने पैसिव यूथेनेसिया और "लिविंग विल" को मान्यता दी। **अतः विकल्प (a) सही है।**

21. (a)

**व्याख्या:**

- लीशमैनियासिस (Leishmaniasis): यह भारत सहित लगभग 100 देशों को प्रभावित करने वाली एक उपेक्षित उष्णकटिबंधीय बीमारी (Neglected Tropical Disease) है। उपेक्षित उष्णकटिबंधीय बीमारियाँ संचारी रोगों का एक विविध समूह होती हैं जो 149 देशों के उष्णकटिबंधीय एवं उपोष्ण कटिबंधीय क्षेत्रों में व्याप्त है। यह लीशमैनिया (Leishmania) नामक एक परजीवी के कारण होता है जो सैंड फ्लाई (Sand Flies) के काटने से फैलता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- लीशमैनियासिस के निम्नलिखित तीन मुख्य रूप हैं:
    - आँत का (Visceral) लीशमैनियासिस: यह शरीर के कई अंगों को प्रभावित करता है और यह रोग का सबसे गंभीर रूप है।
    - त्वचीय (Cutaneous) लीशमैनियासिस: इस बीमारी से त्वचा में घाव हो जाते हैं और यह बीमारी का आम रूप है।
    - श्लेष्मत्वचीय (Mucocutaneous) लीशमैनियासिस: इस बीमारी में त्वचा एवं श्लैष्मिक घाव होते हैं।
- उल्लेखनीय है कि मानव शरीर में आँत की लीशमैनियासिस को आमतौर पर भारत में कालाज़ार (Kala-azar) के रूप में जाना जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

22. (b)

**व्याख्या:**

- 'अवधानम' (Avadhanam) भारत में प्राचीन समय से लोकप्रिय एक साहित्यिक प्रदर्शन है। 'अवधानम' की उत्पत्ति एक संस्कृत साहित्यिक प्रक्रिया के रूप में हुई थी किंतु यह आधुनिक समय में तेलुगू एवं कन्नड़ भाषा के कवियों के कारण पुनर्जीवित है।
- 'अवधानम' (Avadhanam) एक रोचक साहित्यिक गतिविधि है जिसमें मुश्किल साहित्यिक पहेलियों को हल करना, कविताओं को सुधारना और ऐसे कई कार्यों को एक साथ करने की एक व्यक्ति की क्षमता का परीक्षण करना शामिल है।
- अवधानी (Avadhani) का अर्थ उस व्यक्ति से है जो 'अवधानम' करता है अर्थात् प्रश्न पूछने वाले कई व्यक्तियों में से एक प्रच्छाका (Prcchaka)/प्रश्नकर्त्ता है।
  - प्रच्छाकों (Prcchakas) की संख्या 8 (अष्टावधानम), 100 (सतावधानम), 1000 (सहस्त्रावधानम) भी हो सकती है।
- हाल ही में भारत के उपराष्ट्रपति ने वर्चुअल तरीके से अंतर्राष्ट्रीय 'सतावधानम' (International 'Satavadhanam') कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ. मेदासनी मोहन (Dr. Medasani Mohan) द्वारा तिरुपति में श्री कृष्णदेवराय सत्संग के तत्त्वावधान में किया गया। **अतः विकल्प ( b ) सही है।**

23.(c)

**व्याख्या:**

- हाल ही में प्रधानमंत्री ने देश में निवेश आकर्षित करने के उद्देश्य से 'वर्चुअल ग्लोबल इन्वेस्टर राउंडटेबल' (Virtual Global Investor Roundtable- VGIR) की अध्यक्षता की गई। VGIR प्रमुख वैश्विक संस्थागत निवेशकों, भारतीय उद्योगपतियों और भारत सरकार एवं वित्तीय बाज़ार नियामकों के शीर्ष नीति निर्धारकों के बीच एक विशेष वार्ता प्रक्रिया है।
- इसका आयोजन भारत सरकार के वित्त मंत्रालय और राष्ट्रीय निवेश एवं अवसंरचना कोष (National Investment and Infrastructure Fund- NIIF) ने संयुक्त रूप से किया था।
- इस वार्ता प्रक्रिया में भारत में आर्थिक एवं निवेश के दृष्टिकोण से संरचनात्मक सुधारों को गति देने और वर्ष 2024-25 तक 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के भारत सरकार के दृष्टिकोण के बारे में चर्चा की गई। **अतः विकल्प ( c ) सही है।**

24. (c)

**व्याख्या:**

- 'द्रज़बा युद्धाभ्यास' का आयोजन रूस और पाकिस्तान के मध्य आयोजित किया जाता है। द्रज़बा-5 (Druzhba-5) नामक इस युद्धाभ्यास का उद्देश्य आतंकवाद विरोधी डोमेन में दोनों सेनाओं के अनुभवों को साझा करना है।
- ध्यातव्य है कि पाकिस्तान और रूस की सेना के बीच पहला संयुक्त अभ्यास वर्ष 2016 में आयोजित किया गया था, जिसके बाद से यह अभ्यास अब तक कुल पाँच बार आयोजित किया जा चुका है।
- भारत और रूस के बीच इंद्र (Indra) युद्धाभ्यास का आयोजन किया जाता है, जिसकी शुरुआत वर्ष 2003 में की गई थी।
- गरुड़ युद्धाभ्यास का आयोजन भारत और फ्राँस की सेना के मध्य किया जाता है। **अतः विकल्प ( c ) सही है।**

25. (b)

**व्याख्या:**

- तंज़ानिया हिंद महासागर के तट पर स्थित पूर्वी अफ्रीका का एक देश है। इसकी औपचारिक राजधानी डोडोमा है जबकि वास्तविक (de facto) राजधानी दार-ए-सलाम (Dar es Salaam) है।
- तंज़ानिया के उत्तर में युगांडा, विक्टोरिया झील और केन्या, पूर्व में हिंद महासागर, पश्चिम में बुरुंडी एवं रवांडा तथा दक्षिण-पश्चिम में मोज़ाम्बिक, न्यासा झील, मलावी व ज़ाम्बिया स्थित हैं।
- अफ्रीका का सबसे ऊँचा पर्वत, माउंट किलिमंज़ारो (5,895 मीटर) तंज़ानिया में ही अवस्थित है। इसके अलावा हिंद महासागर में स्थित माफिया (Mafiya), जंज़ीबार और पेम्बा द्वीप तंज़ानिया शासित हैं। **अतः विकल्प ( b ) सही है।**

नोट :

26. (a)

**व्याख्या:**

- कम वायुमंडलीय दाब के चारों ओर गर्म हवाओं की तेज आँधी को चक्रवात कहा जाता है। दोनों गोलार्द्धों के चक्रवाती तूफानों में अंतर यह है कि उत्तरी गोलार्द्ध में ये चक्रवात घड़ी की सुइयों की विपरीत दिशा में (Counter-Clockwise) तथा दक्षिणी गोलार्द्ध में घड़ी की सुइयों की दिशा (Clockwise) में चलते हैं। उत्तरी गोलार्द्ध में इसे हरिकेन, टाइफून आदि नामों से जाना जाता है।
- उष्णकटिबंधीय अक्षांशों में दक्षिणी अटलांटिक और दक्षिण-पूर्वी प्रशांत क्षेत्रों में चक्रवात उत्पन्न न होने का कारण समुद्री पृष्ठों का निम्न ताप होना है। **अतः विकल्प (a) सही है।**

27. (c)

**व्याख्या:**

- पक्के टाइगर रिज़र्व, जिसे 'पखुई टाइगर रिज़र्व' के नाम से भी जाना जाता है, पूर्वोत्तर भारत के अरुणाचल प्रदेश राज्य के पूर्वी कामेंग ज़िले में स्थित एक टाइगर रिज़र्व है। यह अरुणाचल प्रदेश राज्य में नामदफा रिज़र्व के पश्चिम भाग में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल लगभग 862 वर्ग किमी. है।
- यह उत्तर-पश्चिम में भारेली या कामेंग नदी और पूर्व में पक्के नदी से घिरा है। पक्के टाइगर रिज़र्व नवंबर से मार्च तक ठंडे मौसम वाली उपोष्ण कटिबंधीय जलवायु क्षेत्र में अवस्थित है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यहाँ बिल्ली परिवार की तीन बड़ी प्रजातियाँ- बंगाल टाइगर, इंडियन लेपर्ड और क्लाउडेड तेंदुआ पाई जाती हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- यहाँ विश्व स्तर पर लुप्तप्राय सफेद पंखों वाला 'व्हाइट विंग्ड वुड डक' (White-winged Wood Duck), अनोखा आईबिसबिल (Ibisbill) एवं दुर्लभ ओरिएंटल बे उल्लू (Oriental Bay Owl) और हॉर्नबिल जैसे पक्षियों की प्रजातियाँ पाई जाती हैं।

28. (d)

**व्याख्या:**

- 'टारबॉल' प्रकाश-अवशोषित करने वाले छोटे कार्बोनेसिअस कण (Carbonaceous Particles) हैं जो बायोमास या जीवाश्म ईंधन के जलने के कारण निर्मित होते हैं और बर्फ की चादर पर जमा होते रहते हैं।
- 'ब्राउन कार्बन' एक ऐसा कण है जो टारबॉल (कार्बन, ऑक्सीजन से मिलकर बने छोटे, चिपचिपे गोल कण जिनमें नाइट्रोजन, सल्फर एवं पोटैशियम की कम मात्रा होती है) का निर्माण करता है।
- बायोमास जलने से ब्लैक कार्बन (BC) के साथ उत्सर्जित होने वाले प्राथमिक ब्राउन कार्बन (BrC) एक महत्त्वपूर्ण प्रकाश-अवशोषित करने वाला कार्बोनेसिअस एरोसोल (Carbonaceous Aerosol) है।
- हाल ही में हुए एक अध्ययन में बताया गया है कि सिंधु-गंगा के मैदान में गेहूँ की फसल के अवशेषों को जलाने से वातावरण में कार्बन क्लस्टर का निर्माण होता है जिसे हिमालयी वातावरण तक पहुँचाने में वायु राशियाँ अहम भूमिका निभाती हैं।
- शोधकर्त्ताओं ने निष्कर्ष निकाला है कि लंबी दूरी के परिवहन से टारबॉल जलवायु प्रभाव का एक महत्त्वपूर्ण कारक हो सकता है और यह हिमालय क्षेत्र में हिमनद पिघलने का संभवतः एक कारण हो सकता है। **अतः विकल्प (d) सही है।**

29.(b)

**व्याख्या:**

- 'शैक्षणिक स्वतंत्रता सूचकांक' ग्लोबल टाइम-सीरीज़ डेटासेट (वर्ष 1900 से वर्ष 2019 तक) के एक भाग के रूप में यह 'ग्लोबल पब्लिक पॉलिसी इंस्टीट्यूट' (Global Public Policy Institute) द्वारा जारी किया गया है।
- यह सूचकांक विश्व भर में शैक्षणिक स्वतंत्रता के स्तर की तुलना करता है और साथ ही शैक्षणिक स्वतंत्रता में की गई कमी की समझ को बढ़ाता है। **अतः विकल्प (b) सही है।**

नोट :

30. (c)

**व्याख्या:**

- यह एक कुशल 'मास पब्लिक ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम' (MRTS) है, जो भारत के टियर-2 और टियर-3 नगरों के साथ-साथ उपनगरीय यातायात की ज़रूरत को पूरा करने के लिये आदर्श रूप से उपयुक्त है। **अत: कथन 1 सही है।**
- मेट्रो-नियो रेल ट्रैक के स्थान पर सड़क पर चलेगी परंतु ऊर्जा ओवरहेड वायर्स से प्राप्त करेगी। इसे इस प्रकार डिज़ाइन किया गया है कि यह तीव्र ढाल में भी आसानी से चलाई जा सकती है। **अत: कथन 2 सही है।**

31. (c)

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (National Legal Services Authority-NALSA) का गठन भारतीय विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के अंतर्गत समाज के कमज़ोर वर्गों को नि:शुल्क कानूनी सेवाएँ प्रदान करने के लिये और विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान के लिये लोक अदालतों का आयोजन करने के उद्देश्य से किया गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत का मुख्य न्यायाधीश नालसा (NALSA) का मुख्य संरक्षक होता है और भारत के सर्वोच्च न्यायालय का द्वितीय वरिष्ठ न्यायाधीश प्राधिकरण का कार्यकारी अध्यक्ष होता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- संविधान के अनुच्छेद 39A, अवसर की समानता के आधार पर न्याय को बढ़ावा देने के लिये समाज के गरीब और कमज़ोर वर्गों को मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान करने का प्रावधान करता है। अनुच्छेद 14 और अनुच्छेद 22(1), विधि के समक्ष समानता सुनिश्चित करने के लिये राज्य को बाध्य करते हैं।

32. (b)

**व्याख्या:**

- उत्तराखंड के टिहरी-गढ़वाल ज़िले में टिहरी झील (Tehri lake) पर निर्मित डोबरा-चांठी पुल (Dobra Chanthi Bridge) देश का सबसे लंबा सिंगल लेन 'मोटरेबल सस्पेंसन ब्रिज' (Motorable Suspension Bridge) है। इसकी लंबाई 725 मीटर है। **अत: कथन 1 सही किंतु कथन 2 सही नहीं है।**
- यह उत्तराखंड में टिहरी और प्रताप नगर के बीच यात्रा में लगने वाले समय को 5 घंटे से कम करके 1.5 घंटे करता है। गौरतलब है कि उत्तराखंड में अवस्थित टिहरी झील (Tehri lake) एशिया की सबसे बड़ी मानव निर्मित झील है। इस पुल का संबंध उत्तराखंड से है न कि जम्मू-कश्मीर से। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

33. (c)

**व्याख्या:**

- वर्तमान में भारतीय सेना के पास लगभग 40 गोरखा राइफल्स (GR) बटालियन हैं, जिसमें केवल नेपाल-अधिवासित गोरखाओं (NDG) और भारतीय-अधिवासित गोरखाओं (IDG) को ही क्रमश: 60 और 40 के अनुपात में भर्ती किया जाता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- नेपाल, भारत और ब्रिटेन के बीच वर्ष 1947 में हुए एक त्रिपक्षीय समझौते के मुताबिक भारत और ब्रिटेन को अपनी सेनाओं में नेपाल के गोरखा सैनिकों की भर्ती करने की अनुमति दी गई है।
- 'आंग्ल-नेपाल युद्ध' (वर्ष 1814-16) जिसे 'गोरखा युद्ध' भी कहा जाता है, के दौरान जब अंग्रेज़ सेना को अधिक क्षति हुई थी तब ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने पहली बार अपनी सेना में गोरखाओं को भर्ती किया था। यह युद्ध वर्ष 1816 की सुगौली की संधि पर हस्ताक्षर के साथ समाप्त हुआ था। 'आंग्ल-नेपाल युद्ध' के समय ब्रिटिश भारत के गवर्नर जनरल लॉर्ड हेस्टिंग्स थे। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

34. (a)

**व्याख्या:**

- COVID-19 के मद्देनज़र ऐसी विदेशज प्रजातियों की तस्करी के कारण ज़ूनोटिक रोगों के प्रसार की आशंका एक वैश्विक मुद्दा बन रहा है।
- नशीले पदार्थों की तस्करी, नकली सामान और मानव तस्करी के बाद अवैध रूप से वन्यजीव व्यापार को वैश्विक स्तर पर चौथा सबसे बड़ा संगठित अपराध घोषित किया गया है।

- बांग्लादेश एवं म्याँमार की सीमाओं और थाईलैंड से निकटता के कारण पश्चिम बंगाल एवं पूर्वोत्तर भारत, सीमा-पार से वन्यजीव तस्करी के हॉटस्पॉट के रूप में प्रसिद्ध है।
- वन्यजीव अपराध में शामिल कई अंतर्राष्ट्रीय संगठन विदेशी मुद्रा के अवैध संचलन के अलावा कई अन्य गैर-कानूनी गतिविधियों जैसे- ड्रग्स की तस्करी, वाणिज्यिक सामान और यहाँ तक कि बंदूकों की तस्करी के लिये भारत-बांग्लादेश सीमा का उपयोग करते हैं। **अतः विकल्प ( a ) सही है।**

35. (b)

**व्याख्या:**

- अपने एक महत्त्वपूर्ण नीतिगत निर्णय में सेना मुख्यालय ने गोरखा राइफल्स (Gorkha Rifles-GR) में उत्तराखंड के गैर-गोरखाओं की भर्ती को मंज़ूरी दे दी है।
- वर्तमान में भारतीय सेना के पास लगभग 40 गोरखा राइफल्स (GR) बटालियन हैं, जिसमें केवल नेपाल-अधिवासित गोरखाओं (NDG) और भारतीय-अधिवासित गोरखाओं (IDG) को ही क्रमशः 60 और 40 के अनुपात में भर्ती किया जाता है। अतः विकल्प b सही है।

36. (c)

**व्याख्या:**

- वैज्ञानिकों के अनुसार, A68a नामक हिमखंड (Iceberg) सुदूर दक्षिण अटलांटिक द्वीप से विखंडित होकर ब्रिटिश आधिपत्य दक्षिण जॉर्जिया से टकराने की कगार पर है।
- यह हिमखंड आकार में लगभग 150 किलोमीटर लंबा तथा 48 किलोमीटर चौड़ा है।
- वर्तमान में यह 'हिमखंड एले' (Iceberg Alley) नामक किनारे के साथ दक्षिण जॉर्जिया की ओर खिसक रहा है जो वर्ष 2017 में अंटार्कटिका के लार्सन सी शेल्फ ( Larsen C Shelf) से विखंडित हुआ था।
    - शुरुआत में यह A-68 के रूप में जाना जाता था, दक्षिण जॉर्जिया की ओर खिसकने से यह विखंडित हो गया जिसे बाद में A-68a नाम दिया गया। **अतः विकल्प ( c ) सही है।**

37.(a)

**व्याख्या:**

- खाद्य और कृषि संगठन, संयुक्त राष्ट्र की सबसे बड़ी विशेषज्ञ एजेंसियों में से एक है।
- इसकी स्थापना 16 अक्तूबर, 1945 को की गई थी। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- FAO की स्थापना का उद्देश्य ग्रामीण आबादी के जीवन निर्वाह की स्थिति में सुधार करते हुए पोषण और जीवन स्तर को उन्नत बनाने तथा कृषि उत्पादकता में सुधार करना था।
- इसका मुख्यालय रोम (Rome), इटली में स्थित है। **अतः कथन 2 सही है।**
- वर्तमान में भारत सहित विश्व के 194 देश इस संगठन के सक्रिय सदस्य हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

38. (b)

**व्याख्या:**

- उद्देश्य: 10 सितंबर, 2013 को भारत सरकार द्वारा अधिसूचित इस अधिनियम का उद्देश्य एक गरिमापूर्ण जीवन जीने के लिये देश के आम लोगों को वहनीय मूल्यों पर गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध कराते हुए उन्हें खाद्य और पोषण सुरक्षा प्रदान करना है।
- कवरेज: अधिनियम के तहत गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिये देश के ग्रामीण क्षेत्र की 75 प्रतिशत आबादी और शहरी क्षेत्र की 50 प्रतिशत आबादी को कवर करने की बात की गई है।
- लाभार्थी: इसके तहत पात्र व्यक्तियों को चावल, गेंहूँ और मोटे अनाज क्रमशः 3, 2 और 1 रुपए प्रति किलोग्राम के मूल्य पर उपलब्ध कराए जाते हैं।
    - इस मूल्य पर प्रत्येक लाभार्थी प्रतिमाह 5 किलोग्राम खाद्यान्न प्राप्त कर सकता है।

नोट :

- साथ ही वर्तमान में अंत्योदय अन्न योजना में शामिल परिवार प्रतिमाह 35 किलोग्राम खाद्यान्न प्राप्त कर सकते हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इस अधिनियम के तहत गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को गर्भावस्था के दौरान तथा बच्चे के जन्म के 6 माह बाद भोजन के अलावा कम-से-कम 6000 रुपए का मातृत्त्व लाभ प्रदान करने का प्रावधान है। **अत: कथन 2 सही है।**

- महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस अधिनियम के तहत प्रावधान किया गया है कि 18 वर्ष से अधिक उम्र की महिला को ही घर का मुखिया माना जाएगा और राशन कार्ड भी उसी महिला के नाम पर जारी किया जाएगा।

39. (d)

**व्याख्या:**

- राज्य में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री और उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तमिलनाडु सरकार ने वर्ष 2022 के अंत तक बैटरी चालित वाहनों को मोटर वाहन कर से छूट देने की घोषणा की है।
- इस संबंध में जारी अधिसूचना के अनुसार, राज्य सरकार ने 31 दिसंबर, 2022 तक परिवहन और गैर-परिवहन वाहनों के रूप में सभी बैटरी चालित वाहनों (इलेक्ट्रिक वाहनों) के लिये 100 प्रतिशत कर छूट देने का निर्णय लिया है।
- गौरतलब है कि राज्य सरकार का इलेक्ट्रिक वाहनों पर शत-प्रतिशत छूट प्रदान करने का निर्णय बीते वर्ष जारी की गई इलेक्ट्रिक वाहन नीति के अनुरूप है। राज्य सरकार के इस निर्णय से इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में बढ़ोतरी की उम्मीद है। **अत: विकल्प (d) सही है।**

40. (a)

**व्याख्या:**

- बिंगो और बोगोरिया झील अफ्रीकी देश केन्या में स्थित हैं। हाल में देखा गया है कि केन्या की रिफ्ट घाटी में अवस्थित बिंगो और बोगोरिया झीलों में अधिक वर्षा के कारण जल का स्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। **अत: विकल्प (a) सही है।**

41. (a)

**व्याख्या:**

- हाल ही में वाडिया हिमालय भूविज्ञान संस्थान (Wadia Institute of Himalayan Geology) के वैज्ञानिकों ने धारचूला (Dharchula) क्षेत्र और कुमाऊँ हिमालय के आसपास के क्षेत्रों में सूक्ष्म तथा मध्यम तीव्रता के भूकंपों की बड़ी सक्रियता का पता लगाया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- WIHG भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (Department of Science and Technology) के तहत स्थित एक स्वायत्त संस्थान है।
- उत्तराखंड में धारचूला को चीन सीमा पर स्थित लिपुलेख से जोड़ने वाली नई कैलाश मानसरोवर सड़क से करीब 45 किमी. दूर पृथ्वी के निचले हिस्से में बड़ी भूकंपीय गतिविधि का पता चला है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- हिमालय, देश में सबसे अधिक विवर्तनिक और भूकंपीय रूप से सक्रिय क्षेत्रों में से एक है, फिर भी इस इलाके को केंद्रीय भूकंपीय अंतराल (Central Seismic Gap) क्षेत्र या गैप (Gap) के रूप में जाना जाता है। 'गैप' एक शब्द है जिसका उपयोग विवर्तनिक गतिविधि (Tectonic Activity) वाले क्षेत्र को दर्शाने के लिये किया जाता है।

42. (b)

**व्याख्या:**

- गंगा एशिया की सबसे बड़ी और प्रमुख नदियों में से एक है जो उत्तराखंड में गोमुख से लेकर बंगाल की खाड़ी तक लगभग 2,500 किलोमीटर तक बहती है और भारत का तकरीबन 26% (8,61,404 वर्ग किमी.) भू-भाग को कवर करती है।
- ध्यातव्य है कि गंगा और इसकी सहायक नदियाँ भारत के 11 राज्यों से होकर बहती हैं और देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 26.3 % हिस्सा कवर करती हैं, किंतु गंगा नदी (जिसमें सहायक नदियाँ शामिल नहीं हैं) मुख्यत: पाँच राज्यों - उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल से होकर बहती है। **अत: विकल्प (b) सही है।**

नोट :

43. (C)

**व्याख्या:**

- थर्टी मीटर टेलीस्कोप प्रोजेक्ट (TMT), एक संयुक्त उद्यम (Joint Venture) परियोजना है जिसमें पाँच देश- कनाडा, अमेरिका, चीन, भारत तथा जापान शामिल हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- ब्रह्मांड के गूढ़ रहस्यों का पता लगाने के उद्देश्य से इसकी स्थापना हवाई द्वीप के मौना की (Mauna Kea) में की जा रही है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसमें हमारे सौरमंडल से संबंधित डेटा सिम्युलेटर, ऊर्जावान क्षणिक वस्तुओं, आकाशगंगाओं की सक्रिय नाभिक और गुरुत्वाकर्षण-लेंस वाली आकाशगंगाओं का अध्ययन किया गया।
- इसके अलावा इसमें हमारी आकाशगंगा के केंद्र में सुपरमैसिव कॉम्पैक्ट ऑब्जेक्ट की प्रकृति तथा इससे संबंधित अज्ञात चीज़ों की खोज करने के लिये कई और नए पहलुओं को समझने हेतु निकट भविष्य में आईआरआईएस/टीएमटी (Infrared Imaging Spectrograph-IRIS/ TMT) की क्षमता को दिखाया गया है।

44. (c)

**व्याख्या:**

- 'मौना की' हवाई द्वीप समूह का एक निष्क्रिय ज्वालामुखी द्वीप है जिसकी सागर तल (Sea Level) तथा सागर आधार तल (Sea Base) से ऊँचाई क्रमशः 4,207.3 मीटर और 10,200 मीटर है। सागर तल के आधार यह हवाई राज्य का सबसे ऊँचा स्थान है जबकि सागर आधार तल के आधार पर दुनिया का सबसे ऊँचा पर्वत है। **अत: कथन 1 सही है।**
- किलाऊ ज्वालामुखी (Kilauea Volcano) के सक्रिय होने से हवाई द्वीप पर वॉग (Vog) की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। जब ज्वालामुखी विस्फोट द्वारा उत्सर्जित सल्फर डाइऑक्साइड व अन्य गैसें तथा कण सूर्य के प्रकाश की उपस्थिति में ऑक्सीजन एवं नमी के साथ प्रतिक्रिया करते हैं तब वॉग (Vog) अर्थात् ज्वालामुखी कुहरा (Volcanic Fog) की उत्पत्ति होती है। यह एक प्रकार का वायु प्रदूषण है। **अत: कथन 2 सही है।**

45. (a)

**व्याख्या:**

- पश्चिमी एशिया और पूर्वी यूरोप में फैले हुए नागोर्नो-काराबाख को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अज़रबैजान के एक हिस्से के रूप में मान्यता प्राप्त है, किंतु इस क्षेत्र का अधिकांश हिस्सा आर्मेनियाई अलगाववादियों द्वारा नियंत्रित किया जाता है।
- यह दक्षिण-पश्चिमी अज़रबैजान में स्थित एक पहाड़ी क्षेत्र है, जो कि तकरीबन 4,400 वर्ग किलोमीटर (1,700 वर्ग मील) तक फैला हुआ है।
- आर्मेनिया और अज़रबैजान के बीच विवादित नागोर्नो-काराबाख स्वायत्त क्षेत्र आर्मेनिया की अंतर्राष्ट्रीय सीमा से केवल 50 किलोमीटर (30 मील) दूर स्थित है। **अत: विकल्प (a) सही है।**

46. (a)

**व्याख्या:**

- हाल ही में संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (UNESCO) ने पन्ना बायोस्फीयर रिज़र्व (PBR) को अपने 'वर्ल्ड नेटवर्क ऑफ बायोस्फीयर रिज़र्व' (WNBR) में शामिल किया है।
- PBR पचमढ़ी और अमरकंटक के बाद बायोस्फीयर रिज़र्व सूची में शामिल होने वाला मध्य प्रदेश का तीसरा रिज़र्व है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- वर्ष 1981 में स्थापित, PBR मध्य प्रदेश के पन्ना और छतरपुर ज़िलों में लगभग 540 वर्ग किमी के क्षेत्र में स्थित है।
- यह मध्य प्रदेश के उत्तरी भाग में विंध्य पर्वत श्रृंखला में स्थित है।
- केन नदी (यमुना नदी की सबसे कम प्रदूषित सहायक नदियों में से एक) रिज़र्व के मध्य से बहती है तथा केन-बेतवा नदी इंटरलिंकिंग परियोजना भी इसमें स्थित है।

नोट :

- यह क्षेत्र पन्ना, हीरा खनन के लिये भी प्रसिद्ध है।
- PBR के साथ-साथ, मालदीव में फवहमुलाहंद अडू अटोल (Fuvahmulahand Addu Atoll) को भी WNBR में शामिल किया गया है।
- पन्ना नेशनल पार्क को वर्ष 1994 में प्रोजेक्ट टाइगर के तहत भारत के 22वें बाघ अभयारण्य का दर्जा दिया गया। **अत: कथन 2 सही है।**
- केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) द्वारा इसे वर्ष 2011 में बायोस्फीयर रिज़र्व के रूप में अधिसूचित किया गया था।
- वर्ष 2020 में यूनेस्को द्वारा इसे मैन एंड बायोस्फीयर प्रोग्राम (MAB) में शामिल किया गया।

47. (a)

**व्याख्या:**

- हाल ही में घोघा-हज़ीरा फेरी की शुरुआत करे हुए करते हुए प्रधानमंत्री ने गुजरात के GIFT सिटी में आगामी समुद्री क्लस्टर के बारे में चर्चा की।
- समुद्री क्लस्टर किसी क्षेत्र में फर्मों, संस्थानों और व्यवसायों का एक समूह है, जो भौगोलिक रूप से एक दूसरे के निकट स्थित होते हैं।
- गुजरात सरकार की नोडल एजेंसी गुजरात मैरीटाइम बोर्ड (GMB), अपनी सहायक कंपनी गुजरात पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड (GPIDCL) के माध्यम से राज्य की राजधानी गांधीनगर में GIFT सिटी में इस तरह के क्लस्टर को विकसित करने की योजना बना रही है। अत: विकल्प (a) सही है।
- शुरुआत में इस क्लस्टर में गुजरात आधारित शिपिंग लाइन, फ्रेट फॉरवर्डर, शिपिंग एजेंट, बंकर सप्लायर, स्टीवेयोरेस और शिप ब्रोकर चार्टरिंग की आवश्यकताओं को शामिल किया जाएगा।
- दूसरे चरण में, क्लस्टर भारतीय जहाज़ मालिकों, जहाज़ ऑपरेटरों, भारतीय चार्टर्स और तकनीकी सलाहकारों को मुंबई, चेन्नई और दिल्ली जैसे शहरों में लाने की कोशिश करेगा।
- इसके बाद यह समुद्री क्षेत्र में वैश्विक स्तर को आकर्षित करने का लक्ष्य रखेगा।

48. (d)

**व्याख्या:**

- OTT सेवाओं का आशय ऐसे एप से है, जिनका उपयोग उपभोक्ताओं द्वारा इंटरनेट के माध्यम से किया जाता है। OTT शब्द का प्रयोग आमतौर पर वीडियो-ऑन-डिमांड प्लेटफॉर्म के संबंध में किया जाता है, लेकिन ऑडियो स्ट्रीमिंग, मैसेज सर्विस या इंटरनेट-आधारित वॉयस कॉलिंग सोल्यूशन के संदर्भ में भी इसका प्रयोग होता है।
- प्राय: ओटीटी (OTT) या ओवर-द-टॉप प्लेटफॉर्म का प्रयोग ऑडियो और वीडियो होस्टिंग तथा स्ट्रीमिंग सेवा प्रदाता के रूप में किया जाता है, जिनकी शुरुआत तो वास्तव में कंटेंट होस्टिंग प्लेटफॉर्म के रूप में हुई थी, किंतु वर्तमान में ये स्वयं ही शॉर्ट फिल्म, फीचर फिल्म, वृत्तचित्रों और वेब-फिल्म का निर्माण कर रहे हैं। नेटफ्लिक्स, अमेज़न प्राइम तथा हॉटस्टार आदि इसके प्रमुख उदाहरण हैं।
- ये प्लेटफॉर्म उपयोगकर्त्ताओं को व्यापक कंटेंट प्रदान करने साथ-साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) का इस्तेमाल करते हुए उन्हें कंटेंट के संबंध में सुझाव भी प्रदान करते हैं।
- इन वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा प्रदाताओं के अलावा कई बार दूरसंचार, एसएमएस या मल्टीमीडिया मैसेज भेजने से संबंधी सेवाएँ उपलब्ध कराने वाले प्लेटफॉर्म को भी OTT की परिभाषा में शामिल किया जाता है। **अत: विकल्प ( d ) सही है।**

49. (b)

**व्याख्या:**

- भारत ने मालदीव के साथ एयर बबल समझौते (Air Bubble Agreement) पर हस्ताक्षर किये हैं। इस समझौते के तहत भारत और मालदीव के बीच अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों की शुरुआत की जाएगी।
- यह दक्षिण एशिया क्षेत्र में स्थित पहला एयर बबल (Air Bubble) होगा, इस घोषणा के साथ दोनों देशों के बीच नियमित रूप से निर्धारित उड़ानें शुरू हो जाएंगी, जो दोनों देशों के पारंपरिक रूप से बेहतर संबंधों को और मज़बूत बनाएगा। साथ ही यह एयर बबल मालदीव में पर्यटन के आगमन और राजस्व को बढ़ाने में मदद करेगा। **अत: विकल्प ( b ) सही है।**

नोट :

50. (c)

**व्याख्या:**

केसर की कृषि हेतु आवश्यक दशाएँ:

- समुद्र तल से 2000 मीटर की ऊँचाई केसर की खेती के लिये अनुकूल होती है।
- मृदा: यह कई अलग-अलग मृदा के प्रकारों में बढ़ता है लेकिन यह Calcareous (वह मिट्टी जिसमें प्रचुर मात्रा में कैल्शियम कार्बोनेट होता है), मिट्टी में 6 और 8 pH मान वाली और अच्छी तरह से सूखी मिट्टी में केसर सबसे अच्छा पनपता है।
- जलवायु: केसर की खेती के लिये एक स्पष्ट गर्मी और सर्दियों वाली जलवायु की आवश्यकता होती है, जिसमें गर्मियों में तापमान 35 या 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक नहीं होता हो तथा सर्दियों में लगभग 15 डिग्री सेल्सियस होता हो।
- वर्षा: इसके लिये पर्याप्त वर्षा की आवश्यकता होती है जो प्रतिवर्ष 1000-1500 मिमी. होती है। **अत: विकल्प (c) सही है।**

51. (d)

**व्याख्या:**

- आसियान के साथ भारत का संबंध हमारी विदेश नीति की एक प्रमुख आधारशिला के रूप में उभरा है, जिसका विकास 1990 के दशक की शुरुआत में भारत द्वारा प्रारंभ 'लुक ईस्ट पॉलिसी' से माना जा सकता है।
- वर्ष 1992 में भारत को आसियान का क्षेत्रीय भागीदार/सेक्टर पार्टनर तथा वर्ष 1996 में एक डायलॉग पार्टनर बनाया गया। **अत: कथन 1 सही है।**
- आसियान-भारत द्वारा वर्ष 2021-2025 के लिये 'आसियान-भारत कार्य योजना' को अपनाया गया है। आसियान-भारत कार्य योजना शांति, प्रगति और साझा समृद्धि के लिये आसियान-भारत सामरिक भागीदारी के कार्यान्वयन हेतु मार्गदर्शन करती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- हाल ही में 17वाँ आसियान-भारत शिखर सम्मेलन आभासी रूप से वियतनाम की अध्यक्षता आयोजित किया गया। अत: कथन 3 सही है।

52. (c)

**व्याख्या:**

- 'स्वर्ण जयंती फैलोशिप योजना' का उद्देश्य 'विज्ञान और प्रौद्योगिकी' के प्रमुख क्षेत्रों में बुनियादी अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिये वैज्ञानिकों को विशेष सहायता प्रदान करना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इस योजना के तहत चयनित वैज्ञानिकों को भारत सरकार द्वारा 25,000 रुपए प्रतिमाह की फैलोशिप 5 वर्ष तक प्रदान की जाती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- फैलोशिप के अलावा इस योजना के तहत उपकरणों, कम्प्यूटेशनल सुविधाओं, उपभोग्य सामग्रियों, आकस्मिकताओं, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय यात्राओं तथा अन्य विशेष आवश्यकताओं के लिये अनुदान भी प्रदान किया जाता है।

53. (a)

**व्याख्या:**

- 'आत्मनिर्भर भारत रोज़गार योजना' को 'आत्मनिर्भर भारत 3.0' के एक भाग के रूप में प्रारंभ की गई हैं जिसका उद्देश्य नई नौकरियों के सृजन को प्रोत्साहित करना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) के तहत पंजीकृत संगठनों द्वारा नियुक्त नए संगठित कर्मचारियों को COVID-19 महामारी के दौरान लाभ मिलेगा।
- EPFO-पंजीकृत संगठन, यदि नए कर्मचारियों की भर्ती करते हैं या जो पहले नौकरी खो चुके हैं वे कर्मचारी योजना के तहत कुछ लाभ प्राप्त करने के हकदार हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

54. (a)

**व्याख्या:**

- किसी अर्थव्यवस्था में 'विस्तार की अवधि' और 'मंदी की अवधि' वाली स्थितियाँ एक साथ मिलकर 'व्यापार चक्र' का निर्माण करती हैं। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- किसी भी अर्थव्यवस्था में जब वस्तुओं और सेवाओं का समग्र उत्पादन जिसे आमतौर पर GDP के रूप में मापा जाता है, एक तिमाही से दूसरी तिमाही तक बढ़ता है, तो इसे अर्थव्यवस्था के विस्तार की अवधि (Expansionary Phase) कहा जाता है।
- वहीं इसके विपरीत जब वस्तुओं और सेवाओं का समग्र उत्पादन एक तिमाही से दूसरी तिमाही में कम हो जाता है तो इसे अर्थव्यवस्था में मंदी की अवधि (Recessionary Phase) कहा जाता है।
- जब किसी देश की अर्थव्यवस्था में लगातार किसी दो तिमाहियों तक संकुचन देखने को मिलता है तो उसे 'तकनीकी मंदी' की स्थिति कहा जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

55. (b)

**व्याख्या:**

- विदेशी अंशदान को नियंत्रित करने के उद्देश्य से विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम (FCRA) को सर्वप्रथम वर्ष 1976 में अधिनियमित किया गया था।
- किसी भी संगठन के लिये अधिनियम के तहत स्वयं को पंजीकृत कराने हेतु कम-से-कम तीन वर्ष के लिये अस्तित्त्व में होना आवश्यक है।
- यदि अधिनियम के तहत पंजीकृत कोई संगठन किसी भी तरह से सक्रिय राजनीति में भाग लेता है तो उन्हें केंद्र सरकार द्वारा राजनीतिक समूह माना जाएगा।
- कोई भी गैर-सरकारी संगठन (NGO) विदेशी अंशदान की 20 प्रतिशत से अधिक राशि का उपयोग प्रशासनिक खर्च पर नहीं कर सकता है। **अतः विकल्प ( b ) सही नहीं है।**

नोट :